ANNUAL EXAMINATION 2021-2022

CLASS: VI A,B,C **HINDI** **M.M:100**

प्रश्न 1 : निम्नलिखित पद्यांश का संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए– **10**

माँ तुम्हारा ऋण बहुत है अकिंचन, किन्तु इतना कर रहा फिर भी निवेदन,
थाल में लाऊँ सजाकर भाल जब भी, कर दया स्वीकार लेना यह समर्पण गान अर्पित,
प्राण अर्पित, रक्त का कण–कण समर्पित,
चाहता हूँ देश की धरती, तुझे कुछ और भी दूँ।

प्रश्न 2 : निम्न शब्दों के अर्थ लिखें– **5**

धनेरी, भाल, ट्रस्ट, ताबेदार, ओजस्वी, खग, राग, हुक्म, मोहलत, वादा

प्रश्न 3 : अपनी पाठ्य पुस्तक से कोई चार लाइन की कविता लिखिए, जो प्रश्न पत्र में न हो– **4**

प्रश्न 4 : निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए– **10**

(क) साप्ताहिक धमाका क्यों निकाला गया?
(ख) भगत सिंह किस शर्त पर जिन्दा रह सकते थे?
(ग) सोहर, चैता तथा कजरी कब–कब गाये जाते हैं?
(घ) ट्रक को देखकर मधुर ने अपनी माँ से बाढ़ पीड़ितों के बारे में क्या कहा?
(ङ) पियरे अपने घोड़े का नाम सन्त जोजफ के नाम पर क्यों रखना चाहता था।

प्रश्न 5 : निम्न वाक्यों को पढ़कर पाठ के आधार पर उनको सही क्रम में लिखिए– **2**

(क) नदियों में बाढ़ आ गयी है (ख) गाँव के गाँव बह गये
(ग) बड़े जोर का तूफान आया है (घ) चारो तरफ हाहाकार मचा है

प्रश्न 6 : निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए– **10**

(क) नानक की दृष्टि में सच्चा सौदा क्या था?
(ख) राणा प्रताप ने कौन सी प्रतिज्ञा की थी?
(ग) मंगल पांडे का स्वभाव कैसा था?
(घ) नेपाल के राजा ने बेगम हजरत महल को शरण देने में पहले असमर्थता क्यों जताई?
(ङ) ईश्वर चंद्र विद्यासागर ने बालिकाओं की शिक्षा को जरूरी क्यों बताया?
(च) भारतीय स्वाधीनता आन्दोलन के प्रति सुभाषचंद्र बोस का क्या विचार था?
(छ) लाल बहादुर शास्त्री का जन्म कहाँ हुआ था।
(ज) महात्मा गाँधी का जन्म कब और कहाँ हुआ था?
(झ) भारतीय सिपाहियों में विद्रोह क्यों उत्पन्न हो गया?
(ञ) महाराणा प्रताप का जन्म कहाँ हुआ था तथा इनके पिता का क्या नाम था?

प्रश्न 7 : सही (✔) अथवा गलत (✘) का निशान लगाइये– **2 $^1/_2$**

(क) नानक को व्यवसाय में आनन्द आने लगा। ( )
(ख) राणा प्रताप के जीवन का आदर्श मेवाड़ की सत्ता को बनाये रखना था। ( )
(ग) मंगल पांडे बहुत साधारण परिवार के थे। ( )
(घ) वाजिद अली शाह 1847 में अवध की गद्दी पर बैठे। ( )
(ङ) नानक चंचल प्रवृत्ति के बालक थे। ( )

प्रश्न 8 : रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए– **2 $^1/_2$**

(क) तलवंडी अब .... के नाम से प्रसिद्ध है।
(ख) राणा प्रताप का संकल्प .... के समान अडिग था।
(ग) अवध साम्राज्य को .... ने सन् 1856 ई0 में अंग्रेज शासन के अधीन करा लिया।
(घ) गांधी जी हत्या .... ने की थी।
(ङ) महात्मा गांधी को लोग प्यार से .... कहते हैं।

प्रश्न 9 : इन महापुरुषों के लोकप्रिय नारे कौन से थे। **2**

(क) महात्मा गांधी (ख) पं0 जवाहर लाल नेहरू
(ग) लाल बहादुर शास्त्री (घ) सुभाष चंद्र बोस

प्रश्न 10 : निम्न विषयों में से किसी एक विषय पर निबन्ध लिखे– **9**

(क) होली (ख) अनुशासन

प्रश्न 11 : अपनी प्रधानाचार्या को शुल्क मुक्ति के लिए प्रार्थना पत्र लिखिए। **4**

प्रश्न 12 : निम्न शब्दों के दो–दो पर्यायवाची शब्द लिखे– **4**

चाँद, तलवार, धरती, रावण

प्रश्न 13 : वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए– 4

(क) जिसमें बल न हो (ख) सब कुछ जानने वाला

(ग) नष्ट होने वाला (घ) जिसका आचरण अच्छा हो

प्रश्न 14 : निम्न अनेकार्थी शब्दों के दो–दो शब्द लिखें– 4

दल, नग, पट, नभ

प्रश्न 15 : निम्न मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्य प्रयोग करें– 4

(क) घी के दिये जलाना (ख) घोड़े बेचकर सोना

(ग) आग बबूला होना (घ) एक और एक ग्यारह होना

प्रश्न 16 : संधि कीजए– 2

(क) देव + आलय (ख) सदा + एव

(ग) महा + उत्सव (घ) गिरि + ईश

प्रश्न 17 : विलोम शब्द लिखें– 2

स्वर्ग, मौखिक, राजा, पुरस्कार

प्रश्न 18 : उपसर्गों से दो–दो शब्द बनाइये। 4

अप, अव, अनु, आ

प्रश्न 19 : निम्न प्रत्ययों से दो–दो शब्द बनाइये। 4

अक, आई, इया, दार

प्रश्न 20 : निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 7

(क) वाक्य किसे कहते हैं?

(ख) विराम चिह्न की परिभाषा लिखिए।

(ग) क्रिया–विशेषण किसे कहते हैं?

(घ) विस्मयादि बोधक अव्यय की परिभाषा लिखिए।

(ङ) संधि किसे कहते हैं?

(च) उपसर्ग की परिभाषा लिखिए।

(छ) समुच्चयबोधक अव्यय के भेदों के नाम लिखिए।

प्रश्न 21: अपठित 4

ईष्या का काम जलाना है, मगर सबसे पहले वह उसी को जलाती है, जिसके हृदय में उसका जन्म होता है। आप भी ऐसे बहुत से लोगों को जानते होंगे जो ईर्ष्या और द्वेष की साकार मूर्ति है, और जो बराबर इस फिक्र में लगे रहते हैं कि कहाँ सुनने वाला मिले और अपने दिल का गुबार निकालने का मौका मिले। श्रोता मिलते ही उनका ग्रामोफोन बजने लगता है और वे बड़ही होशियारी के साथ एक–एक कांड इस ढंग से सुनाते हैं मानों विश्व कल्याण को छोड़कर उनका और कोई ध्येय न हो। जरा उनके अपने इतिहास को देखिए और समझने की कोशिश कीजिए कि जब से उन्होंने इस सुकर्म का आरम्भ किया है, तब से वे अपने क्षेत्र में आगे बढ़े हैं, या पीछे हटे हैं। यह भी कि वे निंदा करने में समय व शक्ति का अपव्यय न करते, तो आज उनका स्थान कहाँ होता?

उपरोक्त गद्यांश को पढ़कर निम्न प्रश्नों का उत्तर दीजिए–

(क) ईर्ष्या का क्या काम है?

(ख) ईर्ष्या सबसे पहले किसे जलाती है?

(ग) ईर्ष्यालु लोग दूसरों की निंदा किस ढंग से करते हैं?

(घ) इस गद्यांश का उचित शीर्षक बताइये।

****

https://www.evidyarthi.in